# अमानक मूंग मिलने पर वेयरहाउस सील

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर संयुक्त जांच दल की कार्रवाई, मिट्टी मिली मूंग के लिए गए सैंपल

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम. माखन नगर स्थित कनकधारा वेयरहाउस में भंडारित मूंग की गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है.अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम की अध्यक्षता में गठित संयुक्त जांच दल ने बुधवार को वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया और अनियमितताएं पाए जाने पर वेयरहाउस को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया.**

जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी, उप संचालक कृषि एवं जिला विपणन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल थे. निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखे मूंग के लॉट की गहन जांच की गई. जांच में पाया गया कि भंडारित



मूंग में निर्धारित गुणवत्ता मानकों से अधिक मात्रा में मिट्टी मिली हुई थी.कुछ बोरियां पूरी तरह मिट्टी से भरी हुई भी मिलीं, जिसे गंभीर गुणवत्ता उल्लंघन माना गया.

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा. गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिले में इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे.

संयुक्त जांच दल ने अमानक मूंग के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजे हैं.जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर सरोज परिहार, एसडीएम देवेंद्र सिंह, उप संचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, एमपीडब्ल्यूएलसी के शाखा प्रबंधक, नेफेड के प्रतिनिधि, तहसीलदार माखन नगर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.



## कल निकलेगी जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा

**इटारसी.** भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा (वापसी) यात्रा 24 जुलाई को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी. यात्रा सुबह 10 बजे गुंडीचा भवन, स्वयंवरम गार्डन से प्रारंभ होकर अखंड मंडलेश्वर धाम, डोंगरवाड़ा पहुंचेगी. रथयात्रा चक्कर रोड, विश्वकर्मा मंदिर, पीपल चौक मालाखेड़ी, कोठीबाजार, विवेकानंद घाट, बीएसएनएल चौराहा, भोपाल चौराहा और भोपाल रोड होते हुए निर्धारित मार्ग से निकलेगी. समिति ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ की वापसी यात्रा को सफल बनाने की अपील की है.

# सांसद चौधरी ने नए भवन की मांगी मंजूरी

## टैगोर विद्या मंदिर के भवन के लिए केंद्रीय मंत्री से मिलकर दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 जुलाई. होशंगाबाद (नर्मदापुरम)-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने इटारसी के पावरग्रिड उपकेंद्र टाउनशिप, पथरोटा स्थित टैगोर विद्या मंदिर के नए भवन निर्माण के लिए केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह किया है. सांसद ने पत्र में विद्यालय की जर्जर भवन स्थिति और छात्रों की सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है.**



सांसद ने बताया कि टैगोर विद्या मंदिर पिछले 37 वर्षों से क्षेत्र के गरीब एवं ग्रामीण विद्यार्थियों को अत्यंत नाममात्र की फीस पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहा है. विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन वर्तमान भवन की जर्जर स्थिति के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा और पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी. उन्होंने कहा कि जनभावनाओं और स्थानीय नागरिकों की मांग पर जिला प्रशासन ने विद्यालय का संचालन दोबारा शुरू कराया है, लेकिन अब सुरक्षित एवं आधुनिक भवन का निर्माण आवश्यक हो गया है.

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि विद्यार्थियों के हित और क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए नए भवन के निर्माण को शीघ्र मंजूरी दी जाए. सांसद ने कहा कि बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और वे शिक्षा से जुड़े हर जनहित के मुद्दे पर लगातार प्रयासरत रहेंगे. उनके अनुसार नया भवन बनने से विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और क्षेत्र की शैक्षणिक व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी.

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा ने दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 22 जुलाई . सोहागपुर में आयोजित 'युवा शक्ति विकसित भारत' एवं 'नव मतदाता संवाद' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और नव मतदाताओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं, रोजगार, शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की गई. इस दौरान कई युवाओं और कांग्रेस से आए तीन कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.**

मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने कहा कि युवा विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं और भाजपा सरकार उन्हें शिक्षा, स्वरोजगार, स्टार्टअप व कौशल विकास से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है.



उन्होंने बताया कि सोहागपुर को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की सौगात मिली है तथा प्रस्तावित मुहासा औद्योगिक क्षेत्र से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे.

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज सहित भाजपा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन अनिल गैरिया ने किया. आयोजन के अंत में युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया.

# फर्जी टीटीई गिरफ्तार, यात्रियों से कर रहा था अवैध वसूली

## रेलवे विजिलेंस ने काशी एक्सप्रेस से पकड़ा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 जुलाई. रेलवे विजिलेंस ने काशी एक्सप्रेस (15018) में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान सोहागपुर निवासी अरुण कुमार यादव (54) के रूप में हुई है. रेलवे विजिलेंस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वह टिकट जांच के नाम पर यात्रियों से पैसे वसूल रहा है.**

मंगलवार देर रात सोहागपुर और बागरा स्टेशन के बीच काशी एक्सप्रेस के एस-1 कोच में विजिलेंस टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को टिकट जांच करते और टिकटों पर पंच लगाते हुए पकड़ लिया. तलाशी में उसके पास से दो नकली रेलवे सील,



फर्जी पहचान पत्र, रसीद बुक, 3,500 रुपये नकद तथा पिस्तौल जैसी दिखने वाली एक लाइटर बरामद हुई. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को रेलवे का अधिकृत टीटीई बताकर यात्रियों को धोखा देता था. कार्रवाई विजिलेंस इंस्पेक्टर दीपक उपाध्याय और शिवम सोनी के नेतृत्व में की गई. मामले में आगे की जांच जारी है.

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू करने की तैयारी

## नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना, होगी सजा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 जुलाई. नगर पालिका परिषद इटारसी की स्वास्थ्य समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई. बैठक में बताया गया कि वर्ष 2016 के नियमों की तुलना में नए नियमों में विभाग के साथ-साथ नागरिकों और बड़े कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जनरेटर्स) की जिम्मेदारियां भी स्पष्ट की गई हैं.**

अब कचरा पृथक्करण, डोर-टू-डोर संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण के नियमों का पालन नहीं करने पर पहले समझाइश और बाद में जुर्माने सहित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने नए नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक घर, दुकान और




संस्थान को स्रोत स्तर पर गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना अनिवार्य होगा. वहीं अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए जनसहयोग आवश्यक है तथा नए नियमों का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है.

बैठक में जीपीएस आधारित कचरा वाहनों की निगरानी, वार्डवार पर्यवेक्षण, एमआरएफ सेंटर और कम्पोस्ट प्लांट की नियमित समीक्षा, ब्लैक स्पॉट की पहचान तथा प्रत्येक वार्ड में आरआरआर सेंटर विकसित करने जैसे प्रस्तावों पर भी जोर दिया गया. बैठक में स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव सहित समिति के सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

### एक नजर में

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण



**नर्मदापुरम.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थिति ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नर्मदापुरम सोमेश मिश्राा द्वारा किया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी का बाहरी अवलोकन किया गया. जिसमें उपस्थित प्रतिनिधियों कों वेयरहाउस में रखी गयी, ईव्हीएम मशीनों एवं व्हीव्हीपीएटी का अवलोकन कराया गया. निरीक्षण के दौरान निर्वाचन पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) कैलाश दुबे उपस्थित रहे.

## मूंग उपार्जन पंजीयन 31 जुलाई तक

**हरदा.** समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है. जिन किसानों ने अभी तक स्लॉट बुक नहीं कराया है, वे निर्धारित तिथि से पहले अपनी उपज के लिए स्लॉट बुक करा सकते हैं. मूंग उपार्जन की प्रक्रिया 1 जुलाई से 10 अगस्त तक संचालित की जा रही है. अब तक जिले में 17,597 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है, जबकि 3,683 किसानों से विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर 32,051 क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है. कृषि एवं उपार्जन विभाग ने किसानों से अपील की है कि समय रहते स्लॉट बुक कराकर निर्धारित तिथि पर अपनी उपज उपार्जन केंद्रों पर लेकर पहुंचें.

## हरदा जिले में 9.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**हरदा.** जिले में गत चौबीस घंटों में 9.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 9.1 मि.मी., टिमरनी में 4.2 मि.मी., खिरकिया में 20.4 मि.मी., सिराली में 5.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 400 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है. इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 428 मि.मी., टिमरनी में 426.4 मि.मी., खिरकिया में 460 मि.मी., सिराली में 330.4 तथा रहटगांव में 355.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 22 जुलाई तक 444.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी.

# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**हरदा, 22 जुलाई. कोतवाली थाना पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर की गई चोरी की एक वारदात का महज चार घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 1.30 लाख का चोरी गया सामान भी बरामद किया है.**

21 जुलाई 2026 को ग्राम करताना पूरा, थाना टिमरनी निवासी राकेश वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने उनकी हेयर सैलून की दुकान का ताला तोड़कर टीवी, गैस सिलेंडर, ट्रिमर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया. शिकायत पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 476/2026 धारा 331(4) एवं 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर किया.पुलिस ने संदेहियों राजेश नायक (28), मोहम्मद शब्बीर उर्फ बब्बू (29) तथा वंश कपोल उर्फ बांसू लाल (22) ने चोरी की वारदात करना स्वीकार की.

# अवैध वेंडरिंग और खाद्य पर उठे सवाल

## प्रशासन ने की छापेमार कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 22 जुलाई. रेलवे स्टेशन पर वर्षों से अवैध वेंडरिंग, प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री और खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को लेकर सवाल उठते रहे हैं.**

लाइसेंसी वेंडरों का आरोप है कि अवैध वेंडरों के कारण उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही. इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित एजेंसियों की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया



सामने नहीं आई है. हाल ही में हुई एक आपराधिक घटना के बाद जिला प्रशासन ने स्टेशन क्षेत्र में संयुक्त छापेमार कार्रवाई की. अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, एसडीएम नीलेश शर्मा और एसडीओपी श्री मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों की जांच की. कार्रवाई के दौरान एक वेंडर के ठिकाने से एक्सपायरी डेट की ब्रेड मिली, जिसका नमूना जांच के लिए भेजा गया.

### इनका कहना...

संयुक्त रूप से की गई थी कार्यवाही जिसमें अलग अलग विभाग के लोग जांच कर अपनी रिपोर्ट कलेक्टर को भेजेंगे. उसके उपरांत दण्डात्मक कार्वाई की जावेगी.

**नीलेष शर्मा**
**एसडीएम, इटारसी**

## आंवलीघाट में 25 से संगीतमय श्रीराम कथा

**सिवनी मालवा.** तहसील के प्रसिद्ध नर्मदा तट आंवलीघाट में 25 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा. इस धार्मिक आयोजन का आयोजन विधायक प्रेमशंकर वर्मा, धनोदिया परिवार एवं समस्त ग्रामवासी बघवाड़ा के सहयोग से किया जा रहा है. आयोजन में करनाल (हरियाणा) की अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी सुश्री अंजली आर्या श्रीराम कथा का संगीतमय वाचन करेंगी. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी. आयोजकों ने बताया कि पुण्य सलिला माँ नर्मदा एवं दादाजी धुनी वाले महाराज की असीम कृपा से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के पावन चरित्र का श्रवण करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हो रहा है.

# 24 घंटे में सबसे अधिक 105.6 मिमी वर्षा

- देवमाई समाधि के पास पेड़ गिरने से रास्ता बाधित
- अगले तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 22 जुलाई. मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक बादलों की आवाजाही और लगातार हुई झमाझम बारिश ने पूरे जिले का मौसम खुशनुमा बना दिया.**

पिछले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम में प्रदेश में सर्वाधिक 105.6 मिमी (करीब चार इंच)



वर्षा दर्ज की गई. लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर रहे और कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली. बारिश के दौरान देवमाई समाधि के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए मार्ग पूरी तरह बंद हो गया. सूचना मिलने पर संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ हटाकर यातायात बहाल कराया.बुधवार को सुबह से दोपहर तक कुछ घंटों के लिए बारिश थमी रही, जिससे लोगों को राहत मिली. जिले के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया.

मौसम विभाग के अनुसार ट्रफ लाइन और सर्कुलेशन सिस्टम के कारण मौसम लगातार बदल रहा है. नर्मदापुरम सहित प्रदेश के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना बनी हुई है.



# समन्वयक ने लिया शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 22 जुलाई. नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है.**

इसी क्रम में समग्र शिक्षा अभियान नर्मदापुरम के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (एडीपीसी) राजेश गुप्ता ने विकासखंड सिवनी मालवा के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया.

उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोलरिया, शासकीय नेहरू स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानापुरा, शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा तथा शासकीय नवीन हाई स्कूल सिवनी मालवा का भ्रमण कर कक्षाओं में चल रही अध्यापन व्यवस्था, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशालाओं सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया. एडीपीसी राजेश गुप्ता ने कक्षा 12वीं के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों से विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से महत्वपूर्ण अवधारणाओं को समझाया. उन्होंने विभिन्न विषयों के शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए अध्ययन नोट्स का भी निरीक्षण किया तथा ब्रिज कोर्स के अंतर्गत बेसलाइन एवं मिडलाइन टेस्ट की प्रगति की समीक्षा की. निःशुल्क साइकिल वितरण योजना, पात्र-अपात्र विद्यार्थियों का सत्यापन, साइकिल वितरण के बाद पोर्टल पर चेसिस नंबर दर्ज करने की प्रक्रिया, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण के उपरांत 3.0 पोर्टल पर प्रविष्टियां तथा कक्षा 9वीं के बेसलाइन एवं मिडलाइन टेस्ट की ऑनलाइन प्रविष्टियों की भी विस्तार से समीक्षा की.

Presiding Officer: अखिलेश चांडक
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000123/2025)
रामरतन..................... वादी
सर्वसाधारण,
Vs
प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक = 27/08/2026
प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी रामरतन ने आपके विरुद्ध दावा सिविल मृत्यु की घोषणा करा पाने बाबत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 21 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया
अखिलेश चांडक
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश पिपरिया
जिला नर्मदापुरम म.प्र.
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी–आवेदन की प्रति पेश
**कृपया ध्यान दें**– 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

प्रशिक्षण | माखननगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मिले उत्पादन, प्रोसेसिंग और बाजार प्रबंधन के गुर

# मखाना की खेती से बदलेगी ग्राम और किसानों की तकदीर

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम. जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एम.पी. एग्रो फार्म माखननगर में मखाना की हार्वेस्टिंग (फसल कटाई) पर जिला स्तरीय सेमिनार एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

केंद्रीय सहायता प्राप्त मखाना बोर्ड के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले सहित पन्ना एवं रायसेन के लगभग 200 किसानों ने सहभागिता की. कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना, वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना तथा मखाना उत्पादन के



माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था.प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मखाना की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, फसल प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, विपणन एवं ब्रांडिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. उप संचालक उद्यान, जिला नर्मदापुरम द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों से पारंपरिक खेती के साथ-साथ मखाना उत्पादन को अपनाने का आह्वान किया गया, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो तथा वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकें. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर पटैल, जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति अजित मडंलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष सवित्रीबाई परनामे, शिवा राजपूत, रीता उईके, उप संचालक उद्यान सहित नर्मदापुरम, पन्ना एवं रायसेन जिले के मखाना उत्पादक एवं प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### गुणवत्ता के उत्पादन और उपायों की दी जानकारी

प्रशिक्षण में बिहार के दरभंगा से आए मखाना विशेषज्ञ अमरजीत साहनी ने किसानों को मखाना उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, आधुनिक तकनीकों तथा बेहतर गुणवत्ता के उत्पादन के उपायों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान मखाना उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकते हैं. कार्यक्रम में किसानों को मखाना की प्रोसेसिंग एवं वैल्यू एडिशन के माध्यम से उत्पाद का मूल्य बढ़ाने तथा प्रभावी मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग कर अधिक लाभ अर्जित करने के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए. साथ ही फसल को बीमारियों एवं हानिकारक कीटों से सुरक्षित रखने के उपायों पर भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया.